No licence can be issued for the preparation of such drugs. The State Drug Licensing Authorities are competent to take action for contravention of the provisions of the Act.

Blue Print for setting up a parallel Telecom Network

1928. SHRI GURUDAS DAS GUPTA:

SHRI CHATURANAN MISHRA:

Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the confederation of Indian Engineering Industry has prepared blue print for setting up of a parallel telecom network for the business community; and

(b) if so, whether Government propose to install such a separate telecommunication system for the business community anywhere in the country?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SANTOSH MOHAN DEV): (a) and (b) No, Sir. There have, however, been informal discussions between the Department of Telecommunications and CEI on installation of following networks on a self-financing basis to cater for the specialised needs of the business community;

(i) Satellite based Low Speed Business Data Network.

(ii) Packet Switched Data Network.

(iii) Cellular Radio Telephone Network in large business centres.

(iv) An integrated Voice and Data Network.

कलकत्ता स्थित भारतीय संग्रहालय को नुकसान

1929. **श्री शान्ति त्यागी :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कलकत्ता स्थित भारतीय संग्रहालय में कला और प्राणिशास्त्र की गैलरी की छत और दीवारों से पानी रिसने के कारण वहां रखी बहुमूल्य वस्तुओं को क्षति पहुंच रही है ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस संबंध में क्या कदम उठाए हैं तथा उठाने का विचार रखती है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) और (ख) भारतीय संग्रहालय, कलकत्ता के निदेशक के अनुसार भवन की छतों और दीवारों से जगह-जगह से पानी रिसता है। नमूने क्षतिग्रस्त नहीं हुए हैं। संग्रहालय प्राधिकारी भवन में ह्रास को रोकने की समस्या से अवगत हैं। भवन के रख-रखाव का कार्य केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग करता है और उन्होंने संग्रहालय की अपेक्षित मरम्मत का कार्य शीघ्र कराने का भी आश्वासन दिया है।

ऐतिहासिक स्मारकों की सुरक्षा

1930. **श्री शान्ति त्यागी :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के वरिष्ठ निदेशक ने निरीक्षण हेतु अपनी आगरा यात्रा के दौरान यह कहा था कि विकास प्राधिकरण व पुलिस और पर्यटन विभाग की तिकड़ी द्वारा उठाए गए नकारात्मक कदमों से ताजमहल सहित स्थापत्य और शैक्षिक महत्व के अनेक स्मारकों की महत्व और गरिमा खतरे में पड़ सकती है ;